39	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम	411	526	395	1638	**2970**	193	419	206	1002	**1820**
40	खान	4354	1000	3074	5627	**14055**	2796	619	1406	2753	**7574**
41	अल्पसंख्यक कार्य	64	31	62	88	**245**	42	19	46	73	**180**
42	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा	124	54	33	85	**296**	77	21	37	77	**212**
43	पंचायती राज	32	23	30	39	**124**	20	15	19	13	**67**
44	संसदीय कार्य	24	21	45	59	**149**	22	12	35	50	**119**
45	कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन	1514	606	2538	6186	**10844**	1133	426	1774	5150	**8483**
46	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस	57	64	72	104	**297**	45	50	64	55	**214**
47	योजना आयोग	245	135	132	192	**704**	186	104	108	180	**578**
48	डाक	621	354	8222	175221	**184418**	619	354	8222	175221	**184416**
49	विद्युत	532	96	628	600	**1856**	478	69	343	371	**1261**
50	राष्ट्रपति सचिवालय	37	41	68	200	**346**	26	39	63	143	**271**
51	प्रधानमंत्री कार्यालय	63	60	115	273	**511**	59	57	117	164	**397**
52	लोक उद्यम	33	13	22	51	**119**	26	9	11	23	**69**
53	रेलवे	13662	5318	620	1488094	**1507694**	11928	4032	565	1231800	**1248325**
54	राजस्व	12456	32395	34590	99492	**178933**	7848	25239	18022	49171	**100280**

55	सड़क परिवहन और राजमार्ग	303	62	180	198	**743**	286	50	154	150	**640**
56	ग्रामीण विकास	102	95	127	191	**515**	82	70	98	135	**385**
57	स्कूल शिक्षा और साक्षरता	86	72	122	166	**446**	72	45	105	110	**332**
58	विज्ञान और प्रौद्योगिकी	592	789	291	10505	**12177**	264	569	1647	2704	**5184**
59	पोत परिवहन	371	156	620	1739	**2886**	203	154	427	1055	**1839**
60	सामाजिक न्याय और अधिकारिता	142	103	227	234	**706**	108	75	170	207	**560**
61	अंतरिक्ष	7264	497	2703	4945	**15409**	7047	400	2380	2542	**12369**
62	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन	1530	1841	2658	1262	**7291**	723	1599	1596	1165	**5083**
63	इस्पात	89	30	49	92	**260**	65	27	39	70	**201**
64	दूरसंचार	1056	1104	314	2154	**4628**	899	588	130	1106	**2723**
65	वस्त्र	260	201	853	3591	**4905**	172	149	467	1718	**2506**
66	पर्यटन	74	102	134	267	**577**	68	101	118	200	**487**
67	जनजातीय कार्य	76	42	47	145	**310**	60	31	41	109	**241**
68	संघ लोक सेवा आयोग	206	259	520	843	**1828**	161	129	433	555	**1278**
69	शहरी विकास	3323	831	5694	10407	**20255**	3101	992	4978	9044	**18115**
70	उपराष्ट्रपति सचिवालय	6	5	8	41	**60**	5	4	5	37	**51**
71	जल संसाधन	1742	1163	2678	5808	**11391**	1266	771	1426	3363	**6826**
72	महिला एवं बाल विकास	94	80	131	372	**677**	77	42	98	240	**457**
73	युवा कार्यक्रम और खेल	45	42	65	163	**315**	40	42	54	164	**300**
	कुल	**123932**	**131269**	**200080**	**3347498**	**3802779**	**104036**	**101936**	**139775**	**2773209**	**3118956**

*****

भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *186

बुधवार, 11 मार्च, 2020/ 21 फाल्गुन, 1941 (शक)

नैमित्तिक श्रमिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान किया जाना

***186. श्री राजमणि पटेल:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में नैमित्तिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण संबंधी लाभ प्रदान करने के लिए विभिन्न अधिनियमों और योजनाओं को लागू कर रही है;

(ख) उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनमें नैमित्तिक श्रमिकों को उनकी यथोचित सामाजिक प्रतिष्ठा से वंचित किए जाने की जानकारी मिली है और यदि हां, तो सरकार द्वारा देश में नैमित्तिक श्रमिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) संगठित और असंगठित क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान रखे गए नैमित्तिक/ठेका श्रमिकों की संख्या क्या है?

उत्तर
श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*

*****

नैमित्तिक श्रमिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान किए जाने के संबंध में श्री राजमणि पटेल द्वारा दिनांक 11.03.2020 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न सख्या 186 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (ग): कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अधिनियम, 1948 कार्यान्वित क्षेत्रों में 10 या उससे अधिक व्यक्ति लगाने वाले कारखानों और प्रतिष्ठानों तथा संगठित क्षेत्र में ईएसआई अधिनियम के तहत पंजीकृत इकाई/ प्रतिष्ठान में प्रति माह 21000/- रूपये तक मजदूरी पाने वाले नियमित और अनियत दोनों प्रकार के कामगारों को कवर करता है।

कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 सभी अनुसूचित उद्योगों और संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में अनियत कामगारों सहित 20 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों के अधिसूचित वर्ग पर लागू है। इस अधिनियम के तहत कामगारों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ निम्नलिखित तीन स्कीमों के माध्यम से प्रदान किया जाता है:-

i. कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम 1952 - (1 नवंबर, 1952 से प्रभावी)
ii. कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 - (16 नवंबर, 1995 से प्रभावी)
iii. कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा स्कीम 1976 - (1 अगस्त, 1976 से प्रभावी)

उपरोक्त अधिनियमों में शामिल कामगार, उनमें यथा उपबंधित सामाजिक सुरक्षा लाभों के हकदार हैं। कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 या कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के तहत प्रत्यक्ष, अनियत, संगठित कामगरों के बीच कोई अंतर नहीं है।

केन्द्रीय सरकार ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों (अनियत मजदूरों सहित उनकी पात्रता के अनुसार) को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए सरकार ने असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 का अधिनियमन किया। असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 में असंगठित कामगारों को (i) जीवन एवं अपंगता छत्र, (ii) स्वास्थ्य एवं प्रसूति लाभ, (iii) वृद्धावस्था संरक्षण और (iv) केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किए जाने वाले अन्य किसी लाभ से संबंधित मामलों में उपयुक्त कल्याणकारी योजनाएं बनाने का उल्लेख किया गया है। असंठित कामगारों को उनकी पात्रता के आधार पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के माध्यम से जीवन एवं अपंगता छत्र प्रदान किया जाता है। स्वास्थ्य एवं प्रसूति हितलाभ आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं।

मासिक पेंशन के रूप में वृद्धावस्था संरक्षण के लिए श्रम और रोज़गार मंत्रालय ने वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) योजना आरंभ की है, जो असंगठित कामगारों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 3000/- रूपये की न्यूनतम सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान करने हेतु एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है।

जारी...2/-

भवन और अन्य सन्निर्माण कामगार (रोज़गार का विनियमन एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1996 में भवन और अन्य सन्निर्माण कामगारों के कल्याण हेतु विभिन्न कल्याणकारी स्कीमें तैयार करने और लागू करने के लिए कल्याण बोर्डों के गठन का प्रावधान है।

ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम, 1970 के तहत जारी किए गए लाइसेंसों और पंजीकरण प्रमाण पत्र के आंकड़ों के आधार पर केंद्रीय क्षेत्र में पिछले 3 वर्षों के दौरान लगाए गए ठेका श्रमिकों की संख्या नीचे दी गई है:

वर्ष	केन्द्रीय क्षेत्र के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों की कुल संख्या
2017	1110603
2018	1178878
2019	1364377

*****

भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 195

बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक)

श्रम कानूनों को लागू किया जाना

***195. लेफ्टीनेंट जनरल (डा.) डी.पी.वत्स (सेवानिवृत्त):**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान असंगठित क्षेत्र के कामगारों को रोजगार सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा श्रम कानूनों को लागू करने और रोजगार की गुणवत्ता बढ़ाने में पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाने के लिए कई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या श्रम कानूनों को लागू करने में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए राज्यों से अपेक्षित समर्थन मिल रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*

****

लेफ्टीनेंट जनरल (डा.) डी.पी.वत्स (सेवानिवृत्त) द्वारा श्रम कानूनों को लागू किया जाना के संबंध में दिनांक 11.03.2020 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 195 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (घ): भारत सरकार ने अनुसूचित नियोजनों और मजदूरी के समय पर भुगतान/ भुगतान की पद्धति के लिए क्रमश: न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 और मजदूरी संदाय अधिनियम,1936 का अधिनियमन किया है। इसके अतिरिक्त न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत केन्द्र और राज्य सरकारें दोनों ही अपने-अपने क्षेत्राधिकारों में अनुसूचित नियोजनों में नियोजित कामगारों की विभिन्न श्रेणियों के लिए मजदूरी की न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करने, उनका पुनरीक्षण और लागू करने के लिए समुचित सरकारें हैं। इस अधिनियम का क्रियान्वयन अपने-अपने क्षेत्राधिकारों में केन्द्र तथा राज्स सरकारों द्वारा किया जाता है। केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों में इसका प्रवर्तन मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय) के निरीक्षण अधिकारियों के माध्यम से किया जाता है जिन्हें सामान्य रूप से केन्द्रीय औद्योगिक संबद्ध मशीनरी (सीआईआरएम) के रूप में नामोदिष्ट किया जाता है। राज्य क्षेत्र में इसका अनुपालन राज्य प्रवर्तन मशीनरी द्वारा सुनश्चित किया जाता है। वे नियमित रूप से निरीक्षण करते हैं और न्यूनतम मजदूरी का भुगतान न करने या कम भुगतान करने के किसी भी मामले के पाए जाने की स्थिति में वे नियोजकों को मजदूरी के अंतर का भुगतान करने की सलाह देते हैं। गैर अनुपालन की स्थि ति में चूककर्ता नियोक्ताओं के विरुद्ध दंडात्मक प्रावधानों का उपयोग किया जाता है।

सरकार ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों (अपनी पात्रता के अनुसार अनियत मजदूरों सहित) को सामाजिक सुरक्षा के लाभ प्रदान करने के लिए असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 का अधिनियमन किया है। इस अधिनियम की परिभाषा के अनुसार असंगठित कामगार को घरेलू आधारित कामगार, स्व-नियोजित कामगार या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी कामगार के रूप में परिभाषित किया गया है और इसमें संगठित क्षेत्र का वह कामगार भी शामिल हें जो इन 6 अधिनियमों अर्थात (i) कर्मकार प्रतिकर अधिनियम,1923, (ii) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947, (iii) कर्मचारी राज्य बीमा निगम अधिनियम, 1948, (iv) कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियि,1952 (v) प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम,1961 और (vii) उपदान संदाय अधिनियम, 1972 में कवर नहीं होता है। इस अधिनियम में असंगठित कामगारों को (i) जीवन एवं अपंगता छत्र, (ii) स्वास्थ्य एवं प्रसूति लाभ, (iii) वृद्धावस्था संरक्षण और (iv) और केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किए जाने वाले अन्य किसी लाभ से संबंधित मामलों में उपयुक्त कल्याणकारी योजनाएं बनाने का उल्लेख किया गया है। असंठित कामगारों को उनकी पात्रता के आधार पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के माध्यम से जीवन एवं अपंगता छत्र प्रदान किया जाता है। स्वास्ब्य एवं प्रसूति हितलाभ आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से दिए जाते हैं।

मासिक पेंशन के रूप में वृद्धावस्था संरक्षण के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम) शुरू की है जो 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद 3000/- रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित मासिक पेंशन देने के लिए स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन स्कीम है।

संबंधित राज्य सरकारें विभिन्न श्रम कानूनों का क्रियान्वयन और राज्य क्षेत्र में इन अधिनियमों के उचित क्रियान्वयन के लिए स्वतंत्र रूप से निरीक्षण कर रही हैं।

****

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2026

बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक)

असंगठित मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

2026. श्री नारायण राणे:

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के जिलों के असंगठित मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए कितने मजदूरों को शामिल किया गया है;

(ख) असंगठित मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ प्रदान करने के लिए कौन-कौन से मानदण्ड और दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या महाराष्ट्र में कोंकण क्षेत्र के जिलों के असंगठित मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल करने हेतु उनकी पहचान की गई है एवं उनका पंजीकरण किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो इसके लिए अब तक पहचाने गए और पंजीकरण किए गए मजदूरों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): सरकार ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के लाभ प्रदान करने के लिए असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 का अधिनियमन किया है। इस अधिनियम में असंगठित कामगारों को (i) जीवन एवं अपंगता छत्र ,(ii) स्वास्थ्य एवं प्रसूति लाभ , (iii) वृद्धावस्था संरक्षण और (iv) और केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किए जाने वाले अन्य किसी लाभ से संबंधित मामलों में उपयुक्त कल्याणकारी योजनाएं बनाने का उल्लेख किया गया है।

सरकार ने जून,2017 में आम आदमी बीमा योजना को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) को मिला दिया है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) असंगठित कामगारों को बीमा कवर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 330 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम का भुगतान करने पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर दिया जाता है। पीएमजेजेबीवाई 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में दुर्घटना में मृत्यु होने पर अथवा पूर्ण अपंगता के

मामले में 2 लाख रुपये का बीमा कवरेज, आंशिक अपंगता के मामले में 12 रुपये प्रतिवर्ष के प्रीमियम का भुगतान करने पर 1 लाख रुपये का बीमा कवरेज दिया जाता है। यह स्कीम 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध है। 342/- रुपये का कुल प्रीमियम राज्य सरकार और केन्द्रीय सरकार के बीच समान रूप से साझा किया जाता है।

मासिक पेंशन के रूप में वृद्धावस्था संरक्षण के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम) शुरू की है जो 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद 3000/- रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित मासिक पेंशन देने के लिए स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन स्कीम है। 18-40 वर्ष के आयु समूह के वे असंगठित कामगार जिनकी मासिक आय 15,000/- रुपये या इससे कम है तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन/कर्मचारी राज्य बीमा निगम/राष्ट्रीय पेंशन स्कीम(सरकार द्वारा वित्तपोषित) के सदस्य नहीं हैं, इस स्कीम में शामिल हो सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत, 50% मासिक अंशदान लाभार्थी द्वारा अंशदान देय होता है तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा समान अंशदान का भुगतान किया जाता है। कोंकण प्रभाग में पीएमएसवाईएम के अंतर्गत कुल नामांकनों की संख्या निम्नलिखित है:

जिला	नामांकन
सिंधुदुर्ग	23029
ठाणे	14860
पालघर	14174
मुम्बई उपशहरी	2157
मुम्बई	1557
रत्नागिरि	19422
रायगढ़	25944
कुल	101143

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2028

बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक)

निर्माण कार्य में लगे कामगारों की स्थिति

2028. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या निर्माण क्षेत्र में कार्यरत लोगों की संख्या वर्ष 2004-05 में 20 मिलियन से बढ़कर वर्ष 2018 में लगभग 50 मिलियन हो गई है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2018 से 2020 के बीच निर्माण कार्य में कार्यरत कामगारों की स्थिति क्या है;

(ग) यदि हां, तो सरकार किस प्रकार निर्माण कार्य में कार्यरत कामगारों की संरक्षा कर रही है;

(घ) क्या यह सच है कि उनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है;

(ङ) यदि हां, तो सरकार किस प्रकार उन्हें सामाजिक सुरक्षा नेट प्रदान करने की योजना बना रही है; और

(च) निर्माण कार्य में कार्यरत कामगारों के कल्याण और भलाई हेतु भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड क्या भूमिका निभा रहा है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख): भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार (रोजगार और सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 में राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों को अधिदेश दिया जाता है कि वे अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत प्रत्येक भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार को राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के कल्याणकारी बोर्ड की निधि के लाभार्थी के रूप में पंजीकृत करें। राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के आधार पर वर्ष 2018 और 2019 में सन्निर्माण कामगारों की संचयी संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	सन्निर्माण कामगारों की संख्या
2018	3,23,90,187
2019	3,92,17,369

जारी---2/-

(ग) से (ङ): भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों के नियोजन और सेवा शर्तों को विनियमित करने और उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के उपाय करने तथा इससे संबंधित अथवा इससे जुड़े अन्य मामलों के लिए भवन एवं सन्निर्माण कामगार (रोजगार और सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 का अधिनियमन किया गया है। अधिनियम के अंतर्गत, राज्य सरकार/संघ राज्य-क्षेत्र की सरकार तथा राज्य कल्याण बोर्ड, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनाने और कार्यान्वित करने के लिए अधिदेशित हैं।

केन्द्रीय सरकार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य कल्याणकारी उपायों का प्रावधान करने के लिए अधिनियम के उपबंधों के संबंध में उपकर निधि के उचित उपयोग हेतु समय-समय पर राज्यसरकारों/संघ राज्य-क्षेत्र के प्रशासनों को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार(रोजगार और सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 60 के अंतर्गत दिशा-निर्देश जारी करती रही है।

(च): भवन एवं सन्निर्माण कामगार (रोजगार और सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 18 के अंतर्गत गठित भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड अधिनियम की धारा 22 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित कार्य करते हैं:-

(क) दुर्घटना के मामले में लाभार्थी को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए;
(ख) साठ वर्ष की आयु पूरी कर चुके लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान करने के लिए;
(ग) मकानों के निर्माण के लिए लाभार्थी को यथा विहित अनधिक राशि तथा निबंधन और शर्तों पर ऋणों और अग्रिम राशियों की संस्वीकृति देने के लिए;
(घ) लाभार्थियों की समूह बीमा योजना के लिए यथा विहित प्रीमियम का भुगतान करने के लिए;
(ङ) लाभार्थियों की संतानों की शिक्षा के लिए यथा विहित वित्तीय सहायता देने के लिए;
(च) लाभार्थी अथवा यथा विहित आश्रितजन के लिए गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु चिकित्सा व्ययों को पूरा करने के लिए;
(छ) महिला लाभार्थियों को प्रसूति लाभ का भुगतान करने के लिए; तथा
(ज) यथा विहित ऐसे अन्य कल्याणकारी उपायों और सुविधाओं के प्रावधान और सुधार।

****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2032

बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को योगदान

2032. श्री दिग्विजय सिंह:

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार की वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16, 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सांविधिक योगदान क्या है और सरकार पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की कुल कितनी धनराशि बकाया है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को कर्मचारी पैंशन योजना, 1995 के अंतर्गत भारत सरकार के 1.16 प्रतिशत के सांविधिक अंशदान के रूप में जारी की गई धनराशि के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

वर्ष	जारी निधियां *(रूपये करोड़ में)*
2014-15	2,299.80
2015-16	3,030.20
2016-17	3,525.00
2017-18	4,040.18
2018-19	3,900.00
2019-20	3,600.00 (आदिनांक)

आज की तारीख में संचयी रूप से 10,663.66 करोड़ रूपये की धनराशि (अनंतिम) बकाया है।

*****

भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 200

(दिनांक 12.03.2020 को उत्तर के लिए)

सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में छूट

***200. श्री रेवती रमन सिंहः**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश के युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी को दूर करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को भरने का प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार देश में बेरोजगारी को दूर करने के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट देने का विचार रखती है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 12.03.2020 को उत्तर दिए जाने हेतु श्री रेवती रमन सिंह द्वारा पूछे गए 'सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में छूट' से संबंधित राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 200 (स्थिति 5वीं) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

सरकार ने दिनांक 21.01.2020 को भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को संबंधित मंत्रालयों/विभागों, उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में मौजूदा रिक्तियों को समयबद्ध रूप से भरने के लिए अनुदेश दिए हैं।

2. केंद्र सरकार के अधीन सीधी भर्ती के आधार पर भरे जाने वाले सिविल पदों हेतु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के संबंध में अधिकतम आयु सीमा में छूट देने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *204

जिसका उत्तर 12 मार्च, 2020 को दिया जाना है।

22 फाल्गुन, 1941 (शक)

सेवाएं/सुविधाएं जिनके लिए आधार कार्ड अनिवार्य है

***204. श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन सेवाओं/सुविधाओं के नाम क्या–क्या हैं, जिनके लिए आधार को अनिवार्य बनाया गया है;

(ख) उन सेवाओं/सुविधाओं के नाम क्या–क्या हैं, जिनके लिए सरकार आधार को आगे और अनिवार्य बनाने का विचार रखती है;

(ग) क्या सरकार मतदाता पहचान पत्र की तरह आधार का उपयोग करने या आधार को मतदाता सूची से जोड़ने का विचार रखती है; और

(घ) क्या सरकार "वन नेशन, वन आईडी कार्ड" (एक राष्ट्र, एक पहचान पत्र) लाने का विचार रखती है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) से **(घ)** : एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

सेवाएं/सुविधाएं जिनके लिए आधार कार्ड अनिवार्य है के संबंध में दिनांक 12.3.2020 को राज्य सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *204 के उत्तर में उल्लिखित विवरण-पत्र

(क) और **(ख)** : आधार अधिनियम, 2016 की धारा 7 के अनुसार केंद्र सरकार या जैसा भी मामला हो, राज्य सरकार किसी सब्सिडी, लाभ या सेवा की प्राप्ति, जिसके लिए व्यय भारत की समेकित निधि से किया जाता है अथवा उसकी प्राप्ति भारत की समेकित निधि अथवा राज्य की समेकित निधि के भाग से की जाती है, के लिए एक शर्त के रूप में किसी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के प्रयोजन से यह अनिवार्य कर सकती है कि ऐसे व्यक्ति का अधिप्रमाणन किया जाए या ऐसा व्यक्ति आधार संख्या होने का साक्ष्य प्रस्तुत करे अथवा यदि किसी व्यक्ति के पास पहचान के प्रमाण के तौर पर आधार संख्या नहीं है तो वह आधार में अपना नामांकन कराने के लिए आवेदन करे:

बशर्ते कि यदि किसी व्यक्ति को आधार संख्या नहीं दी गई है तो उसे सब्सिडी, लाभ या सेवा की प्रदायगी के लिए पहचान का कोई अन्य वैकल्पिक और व्यवहार्य विकल्प दिया जाएगा ।

तदनुसार विभिन्न मंत्रालय, राज्य सरकार के विभाग आधार अधिनियम 2016 की धारा 7 के अंतर्गत विभिन्न सब्सिडी, लाभों और सेवाओं की प्रदायगी के लिए अधिसूचनाएँ जारी करते हैं। 29 फरवरी, 2020 की स्थिति के अनुसार अन्य के साथ-साथ लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, छात्रवृत्ति योजनाओं, मनरेगा, उर्वरक सब्सिडी, एनएसएपी, पीएमएवाई इत्यादि सहित विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा जारी की गई 299 योजनाओं को शामिल करते हुए कुल 164 अधिसूचनाएँ जारी की गई हैं।

इसके अलावा, वित्त अधिनियम, 2017 द्वारा यथाविहित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139कक में प्रावाधान किया गया है कि 1 जुलाई, 2017 से आयकर विवरणी भरने और स्थायी खाता संख्या के आबंटन के लिए आवेदन करते समय आधार संख्या अथवा आधार आवेदन प्रपत्र की नामांकन आईडी उद्धरित करना अनिवार्य है।

(ग) : विधायी विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार निर्वाचन नामावली को डेटा आधार प्रणाली से लिंक करने में समक्ष बनाने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनयम, 1951 में संशोधन के लिए एक प्रस्ताव विचाराधीन है जिससे कि त्रुटि रहित निर्वाचन नामावली तैयार की जा सके और प्रविष्टियां की पुनरावृति को रोका जा सके।

(घ) : भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार गृह मंत्रालय के पास वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2603
जिसका उत्तर 17 मार्च, 2020/27 फाल्गुन, 1941 (शक) को दिया गया

निजी क्षेत्र में न्यूनतम पेंशन

2603. प्रो० मनोज कुमार झाः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या निजी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को न्यूनतम पेंशन देने के संबंध में कोई सीमा निर्धारित की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार उक्त सीमा को बढ़ाने और ऐसे निजी क्षेत्र के लिए मौजूदा पेंशन योजना की समीक्षा भी करने का विचार रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या ऐसे पेंशनभोगियों पर महंगाई भत्ता भी लागू है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार नई पेंशन योजना में शामिल होने के लिए केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के कर्मचारियों को सक्षम बनाने के लिए नियमों में छूट देने का विचार रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): जैसा कि श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा सूचित किया गया है, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 1995 के अंतर्गत, व्यापक मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बजटीय सहायता उपलब्ध करा कर दिनांक 1.9.2014 से न्यूनतम पेंशन को 1000 रुपए प्रति माह निर्धारित किया है। वर्तमान में, ईपीएस, 1995 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन को बढ़ाने का निर्णय नहीं लिया गया है।

(ग) और (घ): जैसा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा सूचित किया गया है, ईपीएस, 1995 के अंतर्गत महँगाई भत्ता देने का प्रावधान नहीं हैं।

(ड.): राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को 1 जनवरी, 2004 से आरंभ किया गया था। केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) सहित सभी कॉर्पोरेट्स/नियोक्ता स्वैच्छिक आधार पर एनपीएस को अपना सकते हैं; लगभग 25 सीपीएसई ने अपने कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अपनाया है।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2819

बुधवार, 18 मार्च, 2020/28 फाल्गुन, 1941 (शक)

लंबित परियोजनाएं/योजनाएं

2819. श्री विनय दीनू तेंदुलकर:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय द्वारा आरंभ की गई योजनाओं/ परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) मंत्रालय के पास लंबित गोवा राज्य सरकार से प्राप्त परियोजनाओं/प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): मंत्रालय द्वारा आरंभ की गई योजनाओं/ परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में हैं।

(ख): राष्ट्रीय केरियर सेवा के अंतर्गत आदर्श केरियर केंद्र स्थापित करने के लिए गोवा राज्य सरकार से केवल एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जो वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान अनुमोदित किया गया था। गोवा राज्य सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है जो लंबित हो।

* ******

<u>अनुबंध</u>

लंबित परियोजनाओं/योजनाओं के संबंध में श्री विनय दीनू तेंदुलकर द्वारा पूछे गए 18.03.2020 को उत्तर के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2819 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा आरंभ की गई योजनाओं/ परियोजनाओं का ब्यौरा

1. **स्वैच्छिक एजेंसियों को सहायता अनुदान तथा बंधुआ मजदूरों को सहायता की प्रतिपूर्ति सहित राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) :**

(क) **राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी):** बाल श्रमिकों के पुनर्वास हेतु 1988 से राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) योजना कार्यान्वयन की जा रही है। 9-14 वर्ष के आयु समूह के बच्चे काम से बचाए/छुड़ाए जाते हैं तथा एनसीएलपी विशेष प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकित किए जाते हैं, जहां उन्हें औपचारिक शिक्षा पद्धति की मुख्यधारा में लाने से पहले समायोजी शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मध्याहन भोजन, वजीफा, स्वास्थ्य देखरेख, आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। 5-8 वर्ष के आयु समूह के बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान के निकट समन्वय के माध्यम से औपचारिक शिक्षा पद्धति से सीधा जोड़ा जाता है।

बाल श्रम अधिनियम के उपबंधों का कारगर प्रवर्तन और एनसीएलपी योजना का सहज कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, पेन्सिल (प्लेटफार्म फार इफेक्टिव इनफोर्समेंट फार नो चाइल्ड लेबर) नामक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है।

(ख): **स्वैच्छिक एजेंसियों को सहायता अनुदान तथा बंधुआ मजदूरों को सहायता की प्रतिपूर्ति:** केंद्रीय सरकार ने बंधुआ श्रमिक पुनर्वास हेतु केंद्रीय क्षेत्र स्कीम, 2016 कार्यान्वित की है जिसके अंतर्गत क्रमश: 1.00 लाख रूपये, 2.00 लाख रूपये और 3.00 लाख रूपये की वित्तीय सहायता निम्नलिखित गैर-नकदी सहायता के साथ मुक्त कराए गए बंधुआ श्रमिकों को उनकी श्रेणी और शोषण के स्तर के आधार पर प्रदान की जा रही है:

(i) मकान - स्थल और कृषि भूमि का आबंटन।
(ii) भूमि विकास।
(iii) कम लागत की रिहायशी इकाइयों का प्रावधान।

(iv) पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री, पिग्गरी आदि।

(v) मजदूरी - रोजगार, न्यूनतम मजदूरी का प्रवर्तन आदि।

(vi) छोटे मोटे वन उत्पादों का संग्रहण एवं प्रसंस्करण।

(vii) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अनिवार्य वस्तुओं की आपूर्ति तथा

(viii) बच्चों के लिए शिक्षा।

2. **समेकित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):** याह योजना असंगठित कामगारों को उनकी पात्रता के आधार पर जीवन एवं नि:शक्तता कवर प्रदान करने हेतु जून, 2017 से कार्यान्वित की गई है।

3. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम): यह असंगठित कामगारों एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन स्कीम है। इस योजना के अंतर्गत, 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 3000/- रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जाएगी। 18-40 वर्ष के आयु वर्ग के वे असंगठित कामगार जिनकी मासिक आय 15000/- रुपये या इससे कम है तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन / कर्मचारी राज्य बीमा निगम / राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के सदस्य नहीं हैं, इस स्कीम में शामिल हो सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत 50% मासिक अंशदान लाभार्थी द्वारा अंशदान देय है तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा समान मैचिंग अंशदान का भुगतान किया जाता है।

4. व्यापारियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना: यह 18 से 40 वर्ष आयु समूह के उन व्यापारियों के लिए स्वैच्छिक तथा अंशदायी पेंशन योजना है जिनका वार्षिक कारोबार 1.50 करोड़ रूपये से अधिक नहीं है और जो ईपीएफओ / ईएसआईसी / एनपीएस / पीएम - एसवाईएम के सदस्य नहीं हैं या आयकर दाता नहीं है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी द्वारा 50% मासिक अंशदान देना होता है और इतना ही अंशदान केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता है। अंशदाता, 60 वर्ष की आयु पूरी कर लेने पर 3000/- रूपये की न्यूनतम सुनिश्चित मासिक पेंशन के पात्र हो जाते हैं।

5. **राष्ट्रीय श्रम संस्थान:** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान, वी.वी.गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान (वीवीजीएनएलआई) श्रम अनुसंधान, प्रशिक्षण

और श्रम तथा संबद्ध मुद्दों के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है। यह संस्थान विभिन्न श्रम से संबद्ध मुद्दों पर विभिन्न अनुसंधान अध्ययन और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

6. **खान सुरक्षा महानिदेशालय की प्रणाली और अबसंरचना का सुंदृढीकरण (एसएसआईडी):** यह योजना चालू दो योजनाओं अर्थात (i) "खान सुरक्षा महानिदेशालय के महत्वपूर्ण कार्यों का सुंदृढीकरण (एसओसीएफओडी)", और (ii) "खान दुर्घटना विश्लेषण और सूचना डेटाबेस का आधुनिकीकरण (एमएएमआईडी)" को मिलाकरके बनाई गई है।

इस योजना के उद्देश्य ये हैं:

(i) खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) में योजनाओं, छोड़ी गई खान योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के डिजीटीकरण सहित ई-शासन कार्यान्वित करना;

(ii) कोयला और गैर-कोयला खानों के संबंध में जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली कार्यान्वित करना;

(iii) डीजीएमएस के क्षेत्र अधिकारियों को वैज्ञानिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान करना;

(iv) डीजीएमएस के लिए सभी प्रकार की अवसंरचना और उसकी बैकअप सहायता का विकास एवं रखरखाव;

(v) खनन उद्योग को आवश्यकता आधारित बचाव एवं आपात प्रतिक्रिया दिशानिर्देशों का विकास, सुधार और अद्यतनीकरण;

(vi) दुर्घटनाओं और खतरनाक घटनाओं के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से खानों में आपदाओं और दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करना तथा तदनुसार प्रोत्साहनात्मक चैनलों को सक्रिय करना ;

(vii) इलैक्ट्रॉनिक के साथ ही अन्य पारंपरिक मीडिया पर विभिन्न रिपोर्टों, तकनीकी अनुदेशों / दिशानिर्देशों, परिपत्रों के माध्यम से खान संबंधी सूचना प्रसारित करना;

(viii) खानों में आवश्यकता आधारित सुरक्षा और व्यावसायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण आयोजित करना;

(ix) डिजीटल रिकॉड प्रबंधन प्रणाली सहित ई-आधारित परीक्षा प्रणालियां आरंभ करना, कार्यान्वित करना और सहायता करना;

(x) डीजीएमएस अधिकारियों और खनन उद्योग के महत्वपूर्ण कार्मिकों को संरचित प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु डीजीएमएस में प्रशिक्षण सुविधाएं अद्यतन करना;

(xi) खानों में प्रचालनों के मार्गदर्शन हेतु महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नयाचारों, दिशानिर्देशों और मानकों का विकास, सुधार और अद्यतनीकरण ;

(xii) डीजीएमएस के भीतर "स्वच्छता अभियान" कार्यान्वित करना।

7. कारखानों सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय (डीजीफासली) संगठन और कारखानों, पत्तनों और गोदियों में व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य (ओएसएच) का सुदृढीकरण और विकास : इस योजना का उद्देश्य डीजीफासली संगठन में अवसंरचना सुविधाओं को देशभर के कारखानों, पत्तनों और गोदियों में कामगारों की व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य - स्थिति में सुधार करने हेतु सुदृढ़ करना है।

8. श्रम कल्याण योजना :

(क) **मकान:** बीड़ी / लौह अयस्क खान, मैग्निज अयस्क एवं क्रोम अयस्क खान (आईओएमसी) /चूना पत्थर खान, डोलोमाइट खान (एलएसडीएम) / अभ्रक खान और सिने कामगार को पक्के मकानों के निर्माण हेतु प्रति लाभार्थी 1,50,000/- रूपये की इमदाद 25 : 60 : 15 के अनुपात में (अर्थात 37,500 रूपये, 90,000 रूपये और 22,500 रूपये) तीन किश्तों में इमदाद प्रदान करने हेतु संशोधित एकीकृत आवास योजना (आरआईएचएस) 2016 को 22.03.2016 से आरंभ की गई थी। संशोधित एकीकृत आवास स्कीम (आरआईएचएस) का विलय शहरी विकास मंत्रालय (शहरी) की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) और ग्रामीण विकास मंत्रालय की प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में करने का निर्णय लिया गया था।

(ख) **शिक्षा:** "बीड़ी/सिने / लौह, मैंग्नीज, क्रोम, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट खान कामगार के बच्चों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता"योजना के अंतर्गत 250/-रुपये से लेकर 15000/-रुपये (कक्षा/पाठयक्रम के आधार पर) कीवित्तीय सहायता सीधा लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से अंतरित की जाती है।

(ग) **स्वास्थ्य:** इस स्कीम का मूल उद्देश्य और 50 लाख से अधिक गरीबों और अशिक्षित बीड़ी/सिने / लौह, मैंग्नीज, क्रोम/ चूना पत्थर एवं डोलोमाइ/अभ्रक खान कामगारों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य प्रदान करनाहैताकि इस वर्ग के कामगारों के निर्वाह स्तर को बढ़ाया जा सके। बीड़ी, सिने और गैर-कोयला खान कामगारों एवं उनके परिवार के सदस्यों को देश भर में स्थित 10 अस्पतालों तथा 286 औषधालयों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं दी जा रही हैं।

9. **कर्मचारी पेंशन स्कीम, 1995:** यह स्कीम कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत बनायी गई है। निम्नलिखित तीन स्कीमें भी इस अधिनियम के अंतर्गत बनायी गई है:

(i) कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 (ईपीएफ)

(ii) कर्मचारी पेंशन स्कीम, 1995 (ईपीएस)

(iii) कर्मचारी निक्षेप संबद्ध बीमा स्कीम, 1976 (ईडीएलआई)

(i) ईपीएफ स्कीम इस अधिनियम के अंतर्गत शामिल प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों की अनिवार्य बचत के लिए उपबंध करती है। इस स्कीम के अंतर्गत प्रदत्त लाभों में सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र या मृत्यु होने पर भविष्य निधि संचित राशि और इस पर ब्याज दिया जाता है। मकान बनाने, उच्च शिक्षा, विवाह, बीमारी आदि जैसे अवसरों पर आंशिक भविष्य निधि निकालने की अनुमति भी दी जाती है।

(ii) ईपीएस स्कीम में अधिवर्षिता/सेवानिवृत्ति अथवा अपंगता पर ईपीएफ स्कीम के सदस्यों के लिए मासिक पेंशन का उपबंध किया गया है। मासिक पेंशन मृतक सदस्य के आश्रितों यथा विधवा (विधुर), बच्चों, माता-पिता, नामित्ति को भी दी जाती है।

(iii) ईडीएलआई स्कीम में सेवा में रहते हुए ईपीएफ स्कीम के सदस्य की मृत्यु की दशा में बीमा लाभ का उपबंध किया गया है। इसमें 6 लाख रुपये तक का बीमा लाभ दिया जाता है।

10. असम में बागान कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा: इस स्कीम में असम में बागान कामगारों के लिए पारिवारिक पेंशन सह जीवन बीमा और असम में चाय बागानों के कामगारों के लिए निक्षेप संबद्ध बीमा योजना का उपबंध किया गया है। ये स्कीमें असम में चाय बागान

कामगारों के लिए असम राज्य सरकार के माध्यम से प्रशासित की जाती हैं जो असम चाय बागान भविष्य निधि और परिवार पेंशन एवं कर्मचारी निक्षेप संबद्ध बीमा अधिनियम द्वारा संचालित होती हैं और इनका प्रशासन असम राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इस प्रावधान में इस स्कीम में केन्द्रीय सरकार के अंशदान के साथ-साथ प्रशासनिक प्रभारों की प्रतिपूर्ति की जाती है।

11. **श्रम एवं रोजगार सांख्यिकी प्रणाली: (एलईएसएस):** इसमें विभिन्न श्रम विषयों पर सांख्यिकी के संग्रहण एवं प्रकाशन, जांच करने और, सर्वेक्षण अनुसंधान अध्ययन करने का उपबंध किया गया है।

12. **प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई):** यह स्कीम 9 अगस्त, 2016 को शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करना है। इस स्कीम के अंतर्गत भारत सरकार 15000/-रुपये प्रतिमाह कमाने वाले नए कर्मचारियों के लिए 3 वर्ष की अवधि हेतु कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) दोनों में नियोक्ता के पूरे अंशदान यथा 12 प्रतिशत का भुगतान कर रही है। इसस्कीम में दोहरा लाभ है, एक ओर नियोक्ताओं को प्रतिष्ठान में कामगारों के नियोजन आधार को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और दूसरी ओर इन कामगारों की पहुंच संगठित क्षेत्र के सामाजिक सुरक्षा लाभों तक हो जाती है। पीएमपीआरवाई के अंतर्गत नियोक्ताओं के माध्यम से पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 मार्च, 2019 थी।

13. राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) : इस स्कीम का कार्यान्वयन राष्ट्रीय रोजगार सेवा के रूपांतरण हेतु मिशन मोड परियोजना के रूप में किया जाता है। इसका उद्देश्य कैरियर परामर्श, रोजगारपरक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर सूचना, शिक्षुता, इंटर्नशिप **आदि जैसी** रोजगार संबंधी विभिन्न सेवाओं को प्रदान करना है। एनसीएस के अंतर्गत यह सेवाएं उपलब्ध हैं और इन तक सीधे, कैरियर केन्द्र, कॉमन सेवा केन्द्रों, डाक कार्यालयों मोबाइल उपकरणों, साइबर कैफों आदि के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। एनसीएस मंच पर विभिन्नहितधारकों में नौकरी चाहने वाले, उद्योग, नियोक्ता, रोजगार केन्द्र (कैरियर केन्द्र), प्रशिक्षण प्रदाता, शिक्षा संस्थान और प्लेसमेंट संगठन शामिल हैं।

14. दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय कैरियर सेवा केन्द्र(एनसीएससी-डीए): रोजगार महानिदेशालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन देश में दिव्यांगों के लिए 21 राष्ट्रीय कैरियर सेवा केन्द्र (एनसीएससी-डीए) काम कर रहे हैं। ये केन्द्र दिव्यांगजनों की अवशिष्ट क्षमताओं का मूल्यांकन करते हैं और दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी)को रोजगारपरक प्रशिक्षण तथा रोजगारपरक पुनर्वास सहायता आदि प्रदान करते हैं। एनसीएससी-डीएलोकोमीटर, दृष्टि एवं श्रवण बाधित, कम मानसिक रोग से ग्रस्त तथा कोढ़मुक्त वर्ग में लिंग तथा शिक्षा को ध्यान में रखे बिना दिव्यांगों के लिए हैं।

15. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय कैरियर सेवा केन्द्र(एनसीएससी): इसस्कीम का कार्यान्वयन कोचिंग, रोजगारपरक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अनुसूचित जाति/जनजाति के नौकरी चाहने वालों के कल्याण के लिएकिया जाता है।

16. केन्द्रीय कामगार शिक्षा बोर्ड (दत्तोपंथ ठेंगड़ी राष्ट्रीय कामगार शिक्षा एवं विकास बोर्ड): कामगारों के बीच जागरूकता पैदा करने और संगठित क्षेत्र सहित असंगठित एवं ग्रामीण क्षेत्र के कामगारों को शिक्षित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कामगार शिक्षा स्कीम एक छत्र स्कीम है। कामगार शिक्षा स्कीम में पूर्वोत्तर क्षेत्र, अनुसूचित जाति उप योजना एवं जनजाति उपयोजना सहित लक्षित गतिविधियों पर अखिल भारतीय स्तर परध्यान केन्द्रण शामिल है।

17. असंगठित कामगारों के लिए राष्ट्रीय मंच का सृजन और आधार से जुड़ी पहचान संख्या: स्कीम के अंतर्गत असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डाटाबेस बनाया जाता है और उसे सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी स्कीमों के लाभ देने के लिए आधार से जोड़ा जाएगा।

18. बेहतर सुलह निवारक मध्यस्थता, श्रम कानूनों के प्रवर्तन, मुख्य श्रमायुक्त के लिए मशीनरी: सौहार्द औद्योगिक संबंधों के संवर्धन, श्रम कानूनों के शीघ्र कार्यान्वयन पंचाट एवं करार,सार्वजनिक उपक्रमों में औद्योगिक संबंधों में सुधार हेतु अनुशासन संहिता, कार्मिक नीतियां एवं प्रथाओं आदि को तैयार करने के संबंध में हुए खर्च का प्रावधान करती है।

******

भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2834

बुधवार, 18 मार्च, 2020/28 फाल्गुन, 1941 (शक)

कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज़ दर

2834. श्रीमती शांता क्षत्री:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019-20 में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर में प्रस्तावित परिवर्तन क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय इस बात से अवगत है कि 8.65 प्रतिशत की विद्यमान दर को पहले ही कम माना जाता है और इसमें आगे और कमी सेवानिवृत्ति निधि निकाय के 6 करोड़ ग्राहकों को केवल हतोत्साहित ही करेगी;

(ग) क्या सरकार ब्याज़ दरों को बढ़ाने के लिए कोई प्रयास कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर ब्याज की दर, केंद्रीय सरकार द्वारा केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी), कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के साथ परामर्श कर निर्धारित की जाती है। सीबीटी, ईपीएफ ने दिनांक 05.03.2020 को आयोजित अपनी 226वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए प्रतिवर्ष 8.65 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर प्रतिवर्ष 8.50 प्रतिशत की दर करने की सिफारिश की है।

ईपीएफ पर ब्याज दर, ईपीएफ में कुल निवेश राशि पर संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित आय के आधार पर निर्धारित की जाती है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक वर्ष में ईपीएफ शेष पर ब्याज दर के निर्धारण करने में केंद्रीय सरकार स्वत: मानती है कि सदस्यों के खातों में जमा ब्याज के कारण हुए ऋण के परिणामस्वरूप ब्याज खाते पर कोई अतिदेय नहीं है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना, 1952 के पैरा 60(4) के अनुसार, विशेष वित्तीय वर्ष के लिए समस्त आय और ऋण के आधार पर ईपीएफ सदस्यों के खातों में ब्याज दर जमा की जाती है।

****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2824

बुधवार, 18 मार्च, 2020/28 फाल्गुन, 1941 (शक)

प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना का
कार्यान्वयन

2824. श्री बी॰ लिंग्याह यादवः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रोजगार औपचारिकरण योजना, प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) के कार्यान्वयन में अनियमितता पाई गई हैं;

(ख) यदि हां, तो इसको लागू किए जाने से अब तक का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) क्या इसमें भविष्य निधि का भी दुरुपयोग किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों सहित की गई कार्रवाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): भारत सरकार ने नए कर्मचारियों की भर्ती के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने और रोजगार को औपचारिक रूप देने के उद्देश्य से 09.08.2016 से प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) आरंभ की थी। यह योजना "नए कर्मचारियों" हेतु 01.04.2016 को अथवा उसके उपरांत नई सार्वभौमिक लेखा संख्या (यूएएन) प्राप्त करने की दिनांक से उनके रोजगार के प्रथम तीन वर्षों हेतु था, बशर्ते कि वे किसी ईपीएफओ से पंजीकृत प्रतिष्ठान में रोजगार में रहे हों।

ईपीएफओ द्वारा आंतरिक रूप से किए गए समवर्ती लेखा-परीक्षा की सिफारिशों के आधार पर, पीएमआरपीवाई के तहत लाभार्थियों के संबंध में डी-डुप्लीकेशन की प्रक्रिया आरंभ की गई थी और यह पाया गया कि 79,342 प्रतिष्ठानों ने कुल 7,62,013 अयोग्य सदस्य लाभार्थियों के लिए पीएमआरपीवाई के तहत लगभग 285.27 करोड़ रुपये की राशि का लाभ प्राप्त किया था तथा ऐसे नियोक्ताओं से 23.01.2020 तक 307.60 करोड़ (ब्याज और क्षतिपूर्ति सहित) वसूला गया है।

(ग): प्रतिष्ठानों से वसूली कर्मचारियों के पीएफ लाभों को प्रभावित नहीं करती है क्योंकि उनके पीएफ लाभ नियोक्ताओं द्वारा ईपीएफओ के पास जमा किए जा चूके हैं। नियोक्ताओं ने राज-सहायता का जो लाभ उठाया है, केवल उसे ही इन नियोक्ताओं से अपात्रता के कारण वसूल किया गया है।

*****